राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने 'मुर्हरम' के पावन अवसर पर हजरत इमाम हुसैन साहब की शहादत से प्रेरणा ग्रहण करने की गुजारिश की

पटना, 29 अगस्त 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'मुहर्रम' के पावन अवसर पर हजरत इमाम हुसैन साहब की शहादत से प्रेरणा ग्रहण करने की गुजारिश की है।

राज्यपाल ने कहा है कि अन्याय और शोषण के खिलाफ सच्चाई और ईमानदारी के रास्ते पर चलते हुए हजरत इमाम हुसैन साहब ने अपनी शहादत दी थी। 'मुहर्रम' की दसवीं तारीख को हम उनकी शहादत को याद कर अपने देश में सद्भावना, प्रेम, भाईचारा और शांति के विकास हेतु संकल्पित होते हैं।

राज्यपाल श्री चौहान ने बिहारवासियों से अनुरोध किया है कि देशप्रेम, शांति, समानता और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने के लिए सभी सदैव सजग और तत्पर रहें।

....